आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 19.09.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में कचरा प्रबंधन हेतु जागरुकता अभियान

स्वच्छता पखवाड़ा 16–30 सितंबर 2019 के चौथे दिवस पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में कर्मचारियों एवं उनके परिवारीजन को कचरा प्रबंधन के महत्व एवं दायित्व के बारे में बताया गया।

पीसीईई आरेडिका ने कर्मचारियों को बताया कि उत्तम घरेलू कचरा ही राष्ट्रीय स्तर पर कचरा प्रबंधन को सफल बना सकता है। बेहतर भविष्य के लिए हर व्यक्ति का योगदान आवश्यक है तथा उन्होंने सभी से यह अपील की कि छोटे–मोटे सैचेट तथा समतुल्य कचरे को यथास्थान हीं फेंके जिससे आरेडिका को स्वछ एवं हरा भरा बनाये रखने में मदद मिल सके।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता आरेडिका ने सभी जनों को कॉलोनी परिसर में रखे हुए विभिन्न रंगों के कूड़ेदानों के महत्व का बोध कराया। उन्होंने यह भी कहा कि गीला, सूखा कचरा अलग–अलग कूड़ेदान मे डालने से कचरा संग्रहित करने तथा इसके निपटारा करने में सुविधा होती है।

इस अवसर पर आरेडिका के अधिशासी अभियंता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमित 19.09.19

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी